राम नाम का जप करले तू | by Suren Namdev

राम नाम का जप करले तू, जीवन भर सुख पायेगा
और बढ़ा ना पापों को, सिमरन से तू तर जाएगा
वर्ना इस जहाँ से तू प्यारे क्या मुंह लेकर जाएगा

चरणों में इनके शीश झुका के दिल में बसा लो भक्ति
फिर ना ऐसा मिलेगा मौका दुखों से पा लो मुक्ति
राम नाम का ध्यान करले मुक्ति से तर जाएगा
वर्ना इस जहाँ से तू प्यारे क्या मुंह लेकर जाएगा

अपने सुखों को औरों मैं बांटो इससे बड़ा कोई धरम नहीं
निर्धन की जो सेवा करता इससे बड़ा कोई करम नहीं
प्रेम की पहचान कर पत्थर भी मोम बन जायेगा
वर्ना इस जहाँ से तू प्यारे क्या मुंह लेकर जाएगा

होके मगन तू खुद को बचा ले अर्पण कर सारी उमरिया
बदले में तुझे फूल मिलेंगे देख ले चाहे इसका नजरिया
राजा गोहेर दास बना सारी उमर गुण जाएगा
वर्ना इस जहाँ से तू प्यारे क्या मुंह लेकर जाएगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%aa-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%82-by-suren-namdev/